तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 22 मार्च 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



13 श्रमिक एवं आश्रित की संख्या जिले की जनसंख्या...





14 सिहावा चौक से अछोटा पुल तक सड़क चौड़ीकरण...




## तंबाकूमुक्त गांव बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की पहल

# जिले की बीस ग्राम पंचायतों में कोटपा एक्ट लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में बढ़ती नशाखोरी पर लगाम लगाने स्वास्थ्य विभाग ने उल्लेखनीय पहल शुरु की। प्रथम स्तर में जिले की 20 ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में शामिल किया है। चयनित ग्राम पंचायतों में कोटपा अधिनियम लागू कर नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। शुक्रवार को जिला पंचायत धमतरी के सभाकक्ष में तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाने एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें सभी पंचायतों के सरपंच सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

शहर ही नहीं गांव-गांव में नशाखोरी का ग्राफ लगातार बढ़ते जा रहा है। शहर में कोटपा एक्ट लागू होने के बाद भी तंबाकू नियंत्रण पर उल्लेखनीय प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। हालांकि शहर में कोटपा सेल बनाकर दुकानदारों से नियमों का पालन कराने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले की 20 ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त पंचायत बनाने कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन हुआ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. यूएल कौशिक एवं जिला नोडल अधिकारी डा.एमए नसीम ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम कोटपा एक्ट 2003 के बेहतर क्रियावयन के लिए जिले के चारों ब्लाक से पांच- पांच गांव का चयन किया गया है। चयनित पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जनजागरुकता सह प्रशिक्षण दिया गया। चयनित ग्राम पंचायतों के समस्त स्कूल, सभी सरकारी कार्यालय, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायतों में कोटपा एक्ट धारा की जानकारी दी गई। सभी को नशामुक्त गांव बनाने आपसी सहयोग से कार्य करने तथा कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों को भी भविष्य में तम्बाकू मुक्त बनाने कोटपा एक्ट लागू किया जायेगा।

### चारों ब्लाक से पांच- पांच गांव शामिल किए गए



### कोटपा के लिए चयनित ग्राम पंचायत

तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत के लिए जिले के चारों ब्लाक से पांच-पांच गांव को शाामिल किया गया है। धमतरी ब्लाक में संबलपुर, अर्जुनी, कोलियारी, अमेठी, अछोटा, कुरूद ब्लाक से चरमुड़िया, चर्रा, अंवरी, भाठागांव, डांडेसरा, मगरलोड ब्लाक से मेघा, परसवानी, हसदा, खिसोरा, नवागांव/बुड़ेनी व नगरी ब्लाक से सांकरा, बेलरगांव, कुकरेल, सियादेही, दुगली-कौहाबाहरा को शामिल किया गया है।

### क्या है कोटपा एक्ट अधिनियम 2003

सिगरेट एण्ड अदर टोबाको प्रोडेक्ट एक्ट 2003/कोटपा अधिनियम के तहत धारा 4 में सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान की निषेधता, सार्वजनिक स्थलों में व सभी कार्यस्थल सरकारी या निजी शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक शौचालय, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, रेस्टोरेंट आदि शामिल है। धारा 5 के तहत फिल्मों एवं छोटे पर्दों में अखबार एवं साहित्य मीडिया, इंटरनेट आदि में तम्बाकू उत्पादन के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन संवर्धन तथा प्रायोजकता यह सब योजना में शामिल है। धारा 6 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को तम्बाकू उत्पाद बेचने की निषेधता, धारा 6/बी के तहत शिक्षण संस्थानों के 100 गज के गोलाकार दायरे में तंबाकू उत्पादों के पाउच पर संवैधानिक चेतावनी एवं कानूनी चित्रांकन अनिवार्य के साथ निकोटिन एवं तार का लिखित एवं चित्रित चेतावनी होनी चाहिए।

## जहर सेवन से महिला की मौत

**धमतरी।** सिकलिन की बीमारी से परेशान महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सारंगपुरी निवासी पुष्पा बाई ध्रुव पति सुरेश 38 वर्ष सिकलिन की बीमारी से पीड़ति थी। कई जगह उपचार कराने के बाद बीमारी ठीक नहीं होने से महिला परेशान रहती थी। गुरूवार की दोपहर महिला अपनी बेटी हिमानी ध्रुव के साथ घर पर थी। इसी दौरान महिला ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। महिला के उल्टी करने पर बेटी को जहर सेवन करने की जानकारी हुई। हिमानी ने फोन कर उसके चाचा ढेलूराम ध्रुव को घटना के बारे में बताया। परिजन महिला को उपचार के लिए निजी वाहन से जिला अस्पताल लाए। इलाज के दौरान महिला की गुरूवार की शाम मौत हो गई।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


## यात्रियों से भरी बस डिवाइडर पर चढ़ी



**धमतरी।** केशकाल की ओर से रायपुर जा रही यात्रियों से भरी बस साइकल सवार दूधवाले को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकरा गई। घटना में दूधवाला वृद्ध व दो यात्री को मामूली चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार महिन्द्रा ट्रेव्हलस की बस क्रमांक सीजी 05 जे 0721 शुक्रवार की सुबह यात्रियों को लेकर केशकाल की ओर से रायपुर जा रही थी। बस नेशनल हाईवे से गुजर रही थी। इसी दौरान सिहावा चौक के पास दूधवाला लच्छूराम साहू उम्र 65 वर्ष अधारी नवागांव निवासी सड़क क्रॉस कर रहा था। अचानक साइकल सवार के सामने आने से उसे बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ स्ट्रीट लाइट के पोल से टकराकर रूक गई। घटना से बस में सवार यात्रियों में हड़कम्प मच गया। सड़क की दूसरी तरफ 10 से 15 मजदूर खड़े थे। अगर बस स्ट्रीट लाइट के पोल से टकराकर नहीं रूकती तो बड़ी घटना हो सकती थी। बस में सवार यात्री बाल-बाल बच गए। एक - दो यात्री को मामूली चोट लगी है। वहीं साइकल सवार वृद्ध के बायें पैर में चोट लगी है। उसे संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर यातायात पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सवार यात्रियों को अन्य बस से रायपुर के लिए रवाना किया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त बस को घटनास्थल से हटाकर यातायात व्यवस्था बहाल की।

■ सिहावा चौक की घटना : साइकल सवार को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

## हेरोइन का सौदागर गिरफ्तार

**धमतरी।** बस स्टैंड के पास हेरोईन बेचने ग्राहक तलाश रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से बस स्टैंड के पास गौतम वाधवानी द्वारा पालीथिन में अवैध मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा रखकर उसे बेचने ग्राहक तलाशने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच घेराबन्दी कर आरोपी गौतम वाधवानी पिता विजय वाधवानी उम्र 19 वर्ष धोबी चौक आमापारा वार्ड निवासी को पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा वजन 01 ग्राम कीमत 10 हजार रुपए व दो नग मोबाइल फोन कुल 20 हजार रुपए जप्त किया। पुलिस ने धारा 21/ए एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी गौतम वाधवानी को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, एएसआई हेमंत ध्रुव, आरक्षक डायमंड यादव, चंदर जमदार व मुकेश सिन्हा का सराहनीय योगदान रहा।



■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

## सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**धमतरी।** नरहरपुर मार्ग पर दो बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस घटना में गंभीर रूप से घायल अधेड़ की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मनाराम सोरी पिता गणेशराम उम्र 55 वर्ष मूल निवासी ग्राम कोरालठेमली थाना नरहरपुर निवासी शादी के बाद से अपने ससुराल ग्राम बाबू साल्हेटोला में रहा रहा था। गुरुवार को अधेड़ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएन 4318 में सवार होकर किसी काम से अपने गृहग्राम कोरालठेमली गया था। जहां से शाम को मोटरसाइकिल चलाते वापस ग्राम बाबू साल्हेटोला लौट रहा था। इसी दौरान सामने से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 बी 7419 आ रही थी। नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवगांव के पास दोनों बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। घटना में बाइक चालक मनाराम सोरी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नरहरपुर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से रिफर करने पर घायल को मसीही अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया। गुरुवार की रात्रि घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई।

■ नरहरपुर मार्ग पर दो बाइक में हुई थी भिड़ंत




**खबर संक्षेप**



### क्षेत्र के देवी मंदिरों में जलेगी मनोकामना ज्योति

**कोर्रा(भखारा)।** भखारा कोर्रा क्षेत्र के देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति प्रज्वलन के लिए बुकिंग प्रारंभ हो गई है। मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष अखिलेश ने बताया कि मां खल्लारी मंदिर देवरी सूदन में तेल के लिए 601 रुपये, घी के लिए 1501 रुपये शुल्क निर्धारित है। अंकीतेश्वर प्रसाद मिश्रा ने बताया कि त्रिकुटीधाम सिहाद रामजानकी मंदिर में 601 रुपये तेल के लिए, 1501 रुपये घी के लिए शुल्क रखा गया है। चंडी मंदिर भखारा में तेल के लिए 951 तेल, घी के लिए 1951 शुल्क लालजी होटल भखारा में जमा कर सकते हैं। पुजारी सतवन ने बताया कि ग्राम अमलेदही बम्लेश्वरी मंदिर में तेल के लिए 600 रुपये और घी के लिए 1551 रुपये शुल्क रखा गया है। इसी तरह सात बहिनी दरगहन, मां शीतला मंदिर गुजरा, दंतेश्वरी मंदिर भठेली, शीतला मंदिर कोसमर्रा, शीतला मंदिर डोमा में चैत्र नवरात्रि पर मनोकामना ज्योत जलाए जाएंगे। चैत्र नवरात्रि का पर्व 30 मार्च रविवार से प्रारंभ होकर 7 अप्रैल तक रहेगा।

### पीपीटी परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 11 अप्रैल तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री- पॉलीटेक्निक टेस्ट (पीपीटी) परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी 11 अप्रैल तक मण्डल की आधिकारिक वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए चॉईस सेंटरों और लोकसेवा केन्द्रों में भी फॉर्म भरने की सुविधा दी गई है। जिले के विद्यार्थी 11 अप्रैल तक भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में भी परीक्षा के फॉर्म भर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को कोई आवेदन शुल्क नहीं देना होगा।

**निधन**

### वृंदा तिवारी



**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी श्रीमती वृंदा तिवारी का 19 मार्च को निधन हो गया है। वे रूपेश तिवारी की मां थीं। उनकी अंतिम यात्रा में गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चिराग अग्रवाल



**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड क्रमांक 12 निवासी चिराग अग्रवाल (रिंकू) 21 वर्ष का निधन 19 मार्च बुधवार को हो गया। चिराग महाव्यापारी संघ मगरलोड के पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के पुत्र व नगर पंचायत मगरलोड के प्रथम उपाध्यक्ष नरेश अग्रवाल के भतीजे थे। वे अपने पीछे दादा रामगोपाल अग्रवाल, जुगल किशोर अग्रवाल, पिता दिनेश अग्रवाल, चाचा नरेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में नगरवासी, सामाजिकगण एवं व्यापारीगण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

कलेक्टर ने बिजनापुरी में साड़ी निर्माण इकाई का किया निरीक्षण, महिलाओं से की बातचीत

# संबलपुरी साड़ी बनेगी जिले की पहचान





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की पहचान दिलाने के उद्देश्य से बिजनापुरी में महिलाओं द्वारा तैयार की जाने वाली संबलपुरी साड़ी निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां काम करने वाली महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने बताया कि पूर्व में उनके द्वारा कपड़ा बनाने का सामान्य काम किया जाता था, लेकिन अब प्रशिक्षण प्राप्त कर वे महिलायें फैंसी व आकर्षक साड़ियों का निर्माण करने लगी हैं, जिससे अब उनकी आय में वृद्धि हो रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस काम को और बड़े पैमाने पर करने हेतु योजना बनायें। इसके लिए विभिन्न शहरों में



आयोजित होने वाले प्रमुख बाजारों तक इनकी पहुंच बनायें। इसके साथ ही साड़ी निर्माण केन्द्र में शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों का दिये। इस दौरान कलेक्टर ने कुरूद में संचालित बांस हाथकरघा ड्राइंग यूनिट का भी निरीक्षण किया और वहां संचालित कार्यों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

कलेक्टर ने ग्राम नारी में संचालित माटीकला केन्द्र का भी अवलोकन किया और वहां मिट्टी से तैयार किये जाने वाले विभिन्न उत्पादों को देखा। कलेक्टर ने माटी से तैयार की गई इन आकृतियों की प्रसन्नता करते हुए कहा कि केन्द्र में तैयार इन आकृतियों को विक्रय हेतु ऑनलाइन, बड़े बाजार तथा ऐसे स्थान जहां इनकी मांग अधिक है, वहां पहुंचायें। इस दौरान कलेक्टर ने प्रौद्योगिकी ग्राम सिर्री का भी अवलोकन किया। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में यह भवन संचालित था, किन्तु कुछ समय से बंद है। कलेक्टर ने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त भवन को प्रारंभ करने हेतु आवश्यक खर्च सहित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें।

# पूजा-अर्चना के बाद जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने किया कक्ष में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष नियुक्ति पश्चात जनपद पंचायत में नई जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। इससे पूर्व 21 मार्च शुक्रवार को जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कक्ष में पंडित द्वारा विधि-विधान से पूजा पाठ कराया गया। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू, यामिनी साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, चंद्रकला साहू, मनोज, मीनाक्षी साहू शामिल रहे। जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू की मां मथुरा बाई साहू भी मौजूद थीं। पूजा कार्यक्रम में जनपद सदस्य राजेश साहू, नंदनी साहू, अनीता वर्मा, सरिता कश्यप, डुगेश्वरी साहू, कविता सिन्हा, कृष्ण कुमार ध्रुव, बबीता गोड़, हेमलता ध्रुव, तेजराम साहू, रामकुमारी कश्यप शामिल रहे।

मौके पर जिला पंचायत सदस्य टीकाराम कंवर, नरेश सिन्हा, कल्याण सिंह राजपूत, रोहित मोहन, साहू, मनोज साहू, विजय यदु, शत्रुघ्न साहू, परसराम साहू, लोकेश साहू, होरीलाल साहू, एवन साहू, योगेश्वर साहू, ईशू साहू, धर्मेंद्र साहू, डेमू साहू, संतोष सोनी, पूर्णानंद पटेल, नंदनी सिन्हा, राखी साहू, रंजीत कश्यप लेखन साहू, हिम्मत साहू,लोमश सिन्हा, बीआर नाग, सुरेश साहू, नीलम, छत्रपाल साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मेंडरका के पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक से की भेंट



**सिर्री।** ग्राम पंचायत मेंडरका के पंचायत प्रतिनिधियों एवं भाजपाइयों ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से उनके रायपुर स्थित निवास में मुलाकात की। मौके पर सरपंच नेमिन गणेश सिन्हा, उपसरपंच हेमकुमार बंजारे, पंचगण ममता बंजारे, तामेश्वरी साहू, रूपेश्वरी साहू, ममता साहू, पुष्पा साहू, सना साहू, सीताराम सिन्हा, चम्मन साहू, जगेश्वर साहू, लोकेश्वर साहू, टिकेश्वर सिन्हा एवं कामदेव बंजारे मौजूद रहे।

## मांदागिरी में चैत्र नवरात्रि पर जलेंगे आस्था के दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





नगरी मुख्यालय से करीबन 35 किमी दूर वनांचल क्षेत्र गौतम ऋषि में चैत्र नवरात्रि का आयोजन साधु समिति मादांगिरी (बारहपाली) द्वारा किया जाता है। पहाड़ के उपर माता रानी के गर्भगृह में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है। नवरात्रि में श्रद्धालुजनों का जमावड़ा लगा रहता है। नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना, पंचम दिवस पंचमी श्रृंगार पूजा, अष्टम दिवस नवकन्या पूजन एवं पूर्ण आहूति, नवम दिवस विसर्जन एवं शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसकी तैयारी में पुजारी संजय शांडिल्य, समिति अध्यक्ष गणेशराम मंडावी, उपाध्यक्ष डोमारसिंह मरकाम, सचिव पुरूषोत्तम पदमाकर, जागेश्वर मरकाम, गैंदालाल मरकाम, नथेला मरकाम, राम चिण्डा, लखन मण्डावी जुटे हुए हैं।

# मनमुटाव छोड़कर गांव के विकास के लिए काम करें

- रींवागहन में होली मिलन समारोह के साथ पूर्व पंचायत पदाधिकारियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत रींवागहन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नव निर्वाचित सरपंच, उपसरपंच, पंच व पूर्व पंचायत पदाधिकारी ने एक दूसरे पर गुलाल तिलक लगाया। सरपंच देवबती हुलार कोराम व पंचों के द्वारा पूर्व पंचायत पदाधिकारी को श्रीफल और शाल भेंटकर विदाई दी गई। पूर्व सरपंच कमलेश ध्रुव ने नवनिर्वाचित सरपंच देवबती हुलार कोराम को पदभार ग्रहण कराया और आर्थिक प्रभार सौंपा। खाताबही में दो लाख इक्कीस सौ रुपए नगद दिया गया। मौके पर उपसरपंच मंजु लता, मुकेश कैसल, मनोज, घनश्याम, रोहिणी, ममता, कुसुम, हेमलता, उर्वशी, विमल, रेवती, पूर्व उपसरपंच सेवती बाई, संतराम डोमार, दुक्कु, हिमकेश, भूपेंद्र, शैलेंद्र, लक्ष्मी, उमेश्वरी, नारायणी, अनीता, सरस्वती, मोतिया, मोतीलाल, रामचंद्र, जयराम, चेतन, तन्नू, केशव, दूज, धीरज, भगवती, राजेश केसाल मौजूद थे। यह जानकारी सचिव मनोहर यादव ने दी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच श्री ध्रुव ने कहा कि आपस के मनमुटाव को छोड़कर गांव के विकास के लिए काम करें। गांव के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करें।

# चर्रा में बसंत उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ग्राम चर्रा में श्री कृष्णा फाग मण्डली द्वारा रंगपंचमी पर्व पर बसंत उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एलपी गोस्वामी द्वारा प्राचीन छत्तीसगढ़िया फाग, ब्रज फाग, भोजपुरी फाग प्रस्तुत किया गया। फाग के क्षेत्र में एलपी गोस्वामी ख्यातिप्राप्त नाम है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उन्हें फाग गायन के लिए दाऊ मंदराजी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। श्री गोस्वामी के फाग को सुनने दूर-दूर से फाग के रसिक श्रोता आते हैं। सुखीराम साहू के नगाड़े की थाप ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जितेंद्र चंद्राकर, कुलेश्वर सिन्हा ने भी फाग गीत प्रस्तुत किया।

मौके पर तिलोकचंद जैन, कृपाराम यादव, दक्षिणेंद्र गोस्वामी, सचिन पुरी, नेमीचंद बैस, जागेश्वर साहू, चोवा साहू, घनश्याम साहू, गिरधारी बैस, विक्रम ध्रुव, बेनी निषाद, सनत बैस, शिवनंदन, शिव निर्मलकर, बुतेश्वर, धर्मेंद्र उपस्थित थे।

# पहंदा में भागवत महापुराण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम पहंदा में 21 मार्च से 29 मार्च तक कौशिक परिवार द्वारा भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा महोत्सव का आयोजन किया गया है। 21 मार्च को कलश यात्रा, वेदी पूजन कथा प्रारंभ, भक्ति ज्ञान, वैराग्य कथा, गौकरण, धुंधकारी कथा हुई। 22 मार्च को व्यासजी का जन्म, सुकदेव का जन्म, कलयुग का आगमन प्राराभव, 23 मार्च को सृष्टि वर्णन, वराह अवतार, कपिल अवतार, मनुवश कथा, सती चरित्र, 24 मार्च को ध्रुव चरित्र, पृथु



अवतार, ऋषभ अवतार, जड़ भरत कथा, 25 मार्च को अजामिल कथा, वित्तासुर चरित्र, नरसिंह अवतार, 49 मरुदगण कथा, गज ग्राह कथा, 26 मार्च को समुद्र मंथन, वामन अवतार, इशभानु कथा, श्रीराम कथा, श्री कृष्ण अवतार, जन्म महोत्सव, 27 मार्च को श्री कृष्ण लीला, कंस वध, श्री बलराम, रेवती विवाह, जरासंध प्राराभव, काल्यवन दाहव, रूक्मणि विवाह, 28 मार्च को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, चढ़ोतरी व शोभा यात्रा, 29 मार्च को श्री गीता ज्ञान दर्शन, गीता दान, हवन कपिल तर्पण, प्रसादी वितरण के साथ कथा का समापन होगा।

कथावाचक राजकुमार पांडे ढीमरटुकुर नवागांव एवं परायणकर्ता पंडित दिनेश पाठक हैं। कथा सुबह 10 बजे 01 बजे एवं 3 बजे शाम 6 बजे तक आयोजित हो रही है। कथा सुनने खेमलाल कौशिक, रमा कौशिक, सीतमलाल, शकुन, युवराज, विभा कौशिक समेत बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

# बाल पंडवानी गायिका आराध्या साहू हुईं राजधानी में सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

देवेन्द्र नगर रायपुर में 21 मार्च को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित सांस्कृतिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में ग्राम बकली की बाल पंडवानी गायिका आराध्या साहू को रायपुर महापौर मीनल चौबे ने लोकगीत संगीत और संस्कृति की सेवा के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर नवीन अंकुर महिला मंडल के पदाधिकारी, सदस्य सहित नगर के गणमान्यजन उपस्थित थे।

# पुतना वध, कालिया नाग मर्दन की झांकी ने मोहा मन

- गुजरा में आयोजित रंग पंचमी पर जस झांकी, फाग गीत का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



ग्राम गुजरा में रंग पंचमी पर्व पर एक दिवसीय जस झांकी, फाग गीत सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद क्षेत्र क्रमांक 2 डोमा से श्रीमती फागेश्वरी राजेश साहू, गुजरा सरपंच श्रीमती दुर्गेश्वरी खिलेश साहू, गोविंद साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अमरदीप साहू विधायक प्रतिनिधि, कोमल साहू, दूपेश साहू पंच ने श्री राधाकृष्ण की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

स्थानीय फाग मंडली के कलाकारों ने रेख राम साहू, गंगाराम साहू, धर्म साहू, विक्रम सिंह मांडवी, सावत साहू ने पहली प्रस्तुति दी। इसके बाद क्षेत्र की अनेक मंडलियों ने पुतना वध, कालिया नाग मर्दन, कृष्ण राधा की लीलाओं से युक्त झांकी प्रस्तुति की। आयोजन में राधेश्याम साहू, झमन साहू, तोरण साहू, खिलेश्वर साहू, कीर्तन यादव, खूबलाल सेन, जितेंद्र निषाद समेत जय मां कर्मा रामधुनी फाग मंडली का योगदान रहा।

समापन अवसर के मुख्य अतिथि उपसरपंच सुनील साहू, गोपेंद्र दावना, सुनील तिवारीसचिव तहसील ब्राम्हण समाज भखारा, गौकरण साहू, धरम साहू, भागीरथी साहू, गुलशन साहू, कमलेश साहू थे। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। सुनील तिवारी ज्योतिषाचार्य ने कहा कि होली असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। प्रत्येक वर्ष फागुन माह में यह पर्व मनाया जाता है। बसंत पंचमी से रंगपंचमी तक आयोजन होता है।

**न्यायालय-प्रधान जिला न्यायाधीश**
**जिला धमतरी (छ.ग.)**
**प्रोसेस क्रमांक 768/25**
**अपंजीकृत सिविल अपील**
**आदेश दिनांक 13/03/2025**
**पेशी दिनांक 09/04/2025**
**उमेश कुमार वगैरह ......अपीलार्थी**
**विरूद्ध**
**कार्यपालन अभियंता व अन्य ...... उत्तरवादीगण**

आम जनता,

अपीलार्थीगण उमेश कुमार, उम्र 30 वर्ष, महेश कुमार, उम्र 23 वर्ष एवं नाबालिग कु. चन्देश्वरी, उम्र 16 वर्ष, पालक वली भाई उमेश, सभी पिता स्व. प्रदीप कुमार, निवासी ग्राम गंगरेल, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 11/2023, उमेश कुमार विरूद्ध श्रीमान कार्यपालक अभियंता में पारित आदेश दिनांक 31/08/2024 से क्षुब्ध होकर उत्तरवादीगण कार्यपालक अभियंता व अन्य के विरूद्ध उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपील अन्तर्गत धारा 384 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 एवं आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 05 परिसीमा अधिनियम पेश किया गया है, जिसमें आम जनता उत्तरवादी क्रमांक 02 है, जिसकी पेशी इस न्यायालय में दिनांक 09/04/2025 को नियत है।

इस संबंध में आम जनता को, जिसका उपरोक्त संबंध में कोई हित हो या कोई आपत्ति हो तो, इस न्यायालय में पेशी दिनांक 09/04/2025 को प्रातः 11:00 बजे स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के द्वारा, जिसे इस प्रकरण का पूरा हाल समझा दिया गया हो, उपस्थित होकर अपील की कार्यवाही में भाग लेवें, अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण कर दिया जायेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 09/04/2025 को अवकाश घोषित किया जाता है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवायी की जावेगी।

आज दिनांक 20/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**(राम कुमार तिवारी)**
प्रधान जिला न्यायाधीश धमतरी
जिला धमतरी (छ.ग.)

# व्यापारी संघ ने मनाया होली मिलन, फाग गीतों पर झूमे

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



ग्राम मेघा में व्यापारी संघ द्वारा बुधवार को रंगपंचमी के अवसर पर महानदी किनारे डोंगाघाट में होली मिलन कार्यक्रम रखा गया। लोग रंगे-बिरंगे गुलाल उड़ाकर नगाड़े बजाते हुए फाग गीतों पर झूमते नजर आए। इस मौके पर जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष विरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, जनपद सदस्य रंजीत कश्यप, भाजपा मंडल मेघा महामंत्री संतोष सोनी, रामायण सिन्हा, व्यापारी संघ अध्यक्ष डनेश्वर निषाद, उपाध्यक्ष इंद्रजीत दिग्वा, सचिव योगेश कुमार साहू, सहसचिव चंद्रशेखर, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल बैस सहित बड़ी संख्या में व्यापारी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

Pride of Dhamtari


विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### कन्या शाला में कराया न्योता भोज



**अंवरी।** वरिष्ठ पत्रकार मेहत्तर राम साहू ने अपनी पोती गंगा का जन्मदिन कन्या शाला भखारा में मनाया। इस अवसर पर कन्या शाला की छात्राओं को न्योता भोज के रूप में खीर-पूड़ी, केला एवं टमाटर चटनी खिलाई। उषा साहू प्रधानपाठक, शिक्षक अमजत खान, रूद्रप्रताप पुरी एवं लिकेश साहू ने गंगा साहू के उज्जवल भविष्य की कामना की। गंगा भारत राम-गायत्री साहू की पुत्री हैं।

### कर्मा जयंती मनाने हुई साहू समाज की बैठक



**अंवरी।** 25 मार्च को मां कर्मा की जयंती मनाने तहसील साहू समाज भखारा की कार्यकारिणी बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, मीलूराम, दमयंती साहू, भोलाराम, गणेश राम, राकेश साहू, घसिया राम साहू, गंगाप्रसाद साहू, रामचंद्र साहू शिवनारायण उपस्थित थे।

### पेंशनरों की समस्याओं से कराया अवगत





**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष कृपाशंकर मिश्रा के नेतृत्व में कलेक्टर अविनाश मिश्रा, महापौर जगदीश रामू रोहरा एवं सभापति कौशल्या देवांगन से मुलाकात कर पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण की मांग की। इस अवसर पर गणेशराव पवार, होलाराम परिहा, अरुण कुमार गौर, हनुमान वर्मा, राजकुमार मिश्रा, कृष्णा राम साहू, चुन्नीलाल तुरिया उपस्थित थे। यह जानकारी सचिव अरुण गौर ने दी है।

### यदुवंशी ठेठवार समाज का वार्षिक सम्मेलन आज से

**धमतरी।** जिला यदुवंशी ठेठवार का वार्षिक सम्मेलन 22 मार्च एवं 23 मार्च को दोपहर 1 बजे रखा गया है। जिलाध्यक्ष मुरारी यदु ने बताया कि





सम्मेलन में शिक्षा, चिकित्सा, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं ठेठवार समाज के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जायेगा। मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर, विशेष अतिथि श्रीमती अनीता ध्रुव सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती मोनिका देवांगन सदस्य जिला पंचायत, कैलाश देवांगन सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, श्रीमती अनीता यादव सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, श्रीमती यशोदा मधुसूदन यदु सरपंच मुड़पार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरारी यदु अध्यक्ष जिला यदुवंशी ठेठवार समाज धमतरी करेंगे। यह जानकारी दादुलाल यदु सचिव जिला यदुवंशी ठेठवार समाज धमतरी ने दी है।

### आरटीई के तहत आवेदन 31 मार्च तक

**धमतरी।** निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटों पर कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को प्रवेश के लिए 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन की पहले चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 31 मार्च तक चलेगी। जिले में आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आरटीई पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र और आवेदन के लिए पात्रता की जानकारी भी आरटीई पोर्टल के छात्र पंजीयन उपलब्ध है। ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद आवेदक निजी विद्यालय के नोडल प्राचार्य के पास आवेदन फॉर्म के साथ सभी दस्तावेज जमा करना होगा।

### जिले की महिलाएं सीखेंगी सिलाई का हुनर

**धमतरी।** मनरेगा के तहत काम करने वाली गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर और हुनरमंद बनाने के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। ट्रेनिंग के बाद उन्हें बैंक से लोन की सुविधा देने के लिए परामर्श भी दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 साल तक की उम्र की गांव की बेरोजगार महिलाएं बड़ौदा आरसेटी धमतरी में 27 मार्च तक आवेदन जमा कर सकती हैं। सिलाई ट्रेनिंग लेने वाली महिलाओं को रहने की भी सुविधा दी जा रही है। संस्था की निदेशक सुश्री अनीता टुडू ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं।

### शहीद दिवस पर 23 को विचार गोष्ठी

**धमतरी।** शहर के मकई गार्डन में 23 मार्च को शाम 5 बजे सरदार भगत सिंह, सुखदेव और शिवराम राजगुरु के शहादत दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता सत्यवान यादव, समीर कुरैशी, जीआर बंजारे, गगन कुंभकार, भूषण सिंह पटेल, दूजराम कौशिक ने बताया कि विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि वक्ता छत्तीसगढ़ किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पराते रायपुर होंगे। इस दौरान रिदम राग रंग एकेडमी धमतरी द्वारा संगीतान्जलि प्रस्तुत की जायेगी।

### निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर 23 को

**धमतरी।** इंडियन सोसायटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी द्वारा 23 मार्च को अग्रसेन भवन में निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। शिविर में छत्तीसगढ़ के स्पेशलिस्ट दंत चिकित्सक सेवा देंगे। दांत, मसूड़ों सहित मुंह से दुर्गंध,



मसूड़ों में सूजन आदि की जांच कर परामर्श दिया जाएगा। शिविर स्थल में उपाध्याय नर्सिंग होम द्वारा निःशुल्क जनरल हेल्थ चेकअप, शुगर व बीपी की जांच की जाएगी। दंत रोग विशेषज्ञ (पेरियोडेन्टिस्ट) डॉ अमित उपाध्याय, डॉ सागोरिका शाह, डॉ संदीप लच्छवानी ने बताया कि वर्तमान में सबसे ज्यादा पायरिया, मसूड़ों में सिकुड़न, सूजन, खून आने, हिलते दांत, झनझनाहट की शिकायत ज्यादा आ रही है। मसूड़ों से संबंधित बीमारियों को रोकने के लिए सावधानी जरूरी है। यदि इसकी अनदेखी की गई तो मसूड़े के साथ जबड़े की हड्डी को भी नुकसान पहुंचता है। इलाज नहीं होने पर दांत गिर जाते हैं। इस अवस्था को पेरियोडोंटाइटिस, पायरिया कहा जाता है। दांत संबंधित समस्या से बचने दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए। मसूड़ों की बीमारी मौजूद होने पर डायबिटिज मरीजों की रक्त शर्करा के बार-बार बढ़ने का खतरा बना रहता है।

---

श्रम विभाग ने करीब 54 हजार हितग्राही एवं आश्रितों को 20 करोड़ से अधिक का लाभ दिलाया

# श्रमिक एवं आश्रितों की संख्या जिले की जनसंख्या के बराबर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



श्रम विभाग ने जिले के 54 हजार श्रमिक एवं आश्रितों को विभिन्न योजनाओं में 20 करोड रूपए से अधिक का लाभ दिलाया है। एक साल के अंदर 51994 भवन एवं अन्य कर्मकार तथा 2149 असंगठित कर्मकारों को शासन की योजनाओ का लाभ मिला है।

श्रम पदाधिकारी एनके साहू ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 18 मार्च 2025 तक छग भवन एवं अन्य कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित योजना नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में 33610 छात्र लाभान्वित हुए हैं। इसमे 6.21 करोड़ की छात्रवृत्ति दी गई है। नोनी बाबू मेधावी छात्र छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन में 437 छात्रों को 26.34 लाख, मिनीमाता महतारी जतन में 1742 हितग्राही को 3.48 करोड़, मुख्यमंत्री श्रमिक आवास सहायता में 2 हितग्राही को 2 लाख रूपए, श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता में 118 हितग्राही को 1.18 करोड़, नोनी सशक्तिकरण योजना में 2411 हितग्राही को 4.82 करोड, श्रमिक औजार सहायता में 1837 श्रमिको को 63.97 लाख रूपए श्रमिक सियान सहायता में 230 हितग्राही को 46 लाख, सायकल सहायता योजना में 13 हितग्राही को 48 हजार रुपए , उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना में 6 हितग्राही को 75 हजार, निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कापी सहायता में 11317 हितग्राही छात्रों को 1.44 करोड़ रूपए की सहायता राशि शासन के माध्यम से उनके खातों में डाली गई है।

इसी तरह छग असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत असंगठित कर्मकार बच्चों ने छात्रवृत्ति में 1844 छात्रों को 18.5 लाख रूपए, प्रसूति सहायता योजना में 196 हितग्राही को 39.2 लाख रूपए, मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता में 109 हितग्राही को 1.09 करोड़ रूपए का लाभ दिया गया है।

### हर कोई मजदूर पंजीयन की होड़ में

उल्लेखनीय है कि जिले में 8 लाख से अधिक मतदाता हैं। मतदाताओं के अनुपात में बच्चों की संख्या 20 प्रतिशत माना जाये तो जिले में करीब 10 लाख जनसंख्या है। लेकिन जिले में भवन, सन्निर्माण मजदूरों का पंजीयन 126460 तथा असंगठित कर्मकारों की संख्या 127257 है। कुल श्रमिकों की संख्या 2 लाख 53717 है। जानकारों का कहना है कि प्रति पंजीयन कार्ड में श्रमिक सहित परिवार की संख्या 4 से 5 होती है। इस तरह 2.50 लाख पंजीयन कार्ड में 10 लाख श्रमिक और हितग्राही जिले में हैं। माना जा रहा है कि जो श्रमिक नहीं है, वह भी श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाने की होड़ में है। एक परिवार में दो-दो श्रमिक कार्ड हो सकते हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार श्रमिक पंजीयन के लिए पूर्व में ठेकेदार या संगठन की अनुशंसा से पंजीयन कार्ड बनाया जाता था। अब हितग्राही के स्वयं के सत्यापन पर पंजीयन कार्ड बन रहा है।

---

## बोरझरा में अतिक्रमण के खिलाफ महिला सरपंच ने सम्हाला मोर्चा





हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

बोरझरा सरपंच हवेश्वरी हरदेव साहू ने फील्ड में उतरकर अतिक्रमण का जायजा लिया और अतिक्रमणकर्ताओं को काम बंद करने का निर्देश दिया। आदेश का पालन नहीं करने पर पंचायतीराज अधिनियम के तहत विधिवत कार्रवाई करने की बात कही है। ज्ञात हो कि पूर्व सरपंच ने अपने कार्यकाल में अतिक्रमण को रोकने का प्रयास किया किन्तु दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव के कारण वे अतिक्रमण को रोकने में असफल रहे। इसके विपरित नवनिर्वाचित सरपंच हवेश्वरी हरदेव साहू व नवनिर्वाचित पंचों ने फील्ड में उतरकर गांव का सर्वे किया। अतिक्रमणकारियों की लिस्ट बनाई और उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि मेरे कार्यकाल में अतिक्रमण को शह नहीं दूंगी। इसके विपरित किसी ने घास भूमि में अतिक्रमण किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पंच नेमू राम सिन्हा, मोहित साहू, टिकेश्वरी यादव, खिलेश्वरी यादव, टुमेश्वरी साहू, दमयंतीन निषाद, भुनेश्वरी साहू, निर्मल साहू, बसंत साहू, युगलकिशोर साहू, टम्मन लाल साहू, चंद्रहास साहू, नुकेश साहू उर्वशी सिन्हा, निर्मला रात्रे, श्यामा साहू ,रेखा साहू उपस्थित थे।

---

## माता की चुनरी शोभायात्रा 2 को

**धमतरी।** मां बिलाईमाता सेवादार समिति की ओर से 2 अप्रैल बुधवार को महापंचमी के अवसर पर मातारानी की चुनरी, पालकी शोभायात्रा शाम 5 बजे घड़ी चौक से निकाली जाएगी। इस दौरान रोड शो का आयोजन किया गया है।



सुप्रसिद्ध जसगीत गायक खिलेश यादव दुर्ग रास्ते भर भजन का गायन करेंगे। चुनरी शोभायात्रा घड़ी चौक में पूजा पाठ के बाद आरंभ होगी जो बालक चौक, गोलबाजार, मठमंदिर, चमेली चौक, कचहरी चौक, सदरबाजार, गणेशचौक, रामबाग होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर में संपन्न होगी। समिति के आर्यन सोनकर, दिनेश भोजवानी, शुभम यदु, सुभाष चंद्राकर, तनवीर सिन्हा, गौरव सोलंके, प्रयांश साहू, गिरिराज साहू, सुशांत साहू, पंकज यादव, नीलू साहू, प्रखर सोनकर, आदर्श ठाकुर, चित्रांस श्रीवास्तव ने माता के भक्तों से चुनरी शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा में माताजी की पालकी यात्रा निकाली जाएगी जिसमें मां विंध्यवासिनी की प्रतिमा विराजमान रहेगी। रास्ते में ढोल, नगाड़े व आतिशबाजी की धूम रहेगी। जयकारे के साथ सभी भक्त शहर का पैदल भ्रमण करेंगे।

---

## नपं में सभापति के सहयोगी सदस्यों का मनोनयन

**शीघ्र ही परिषद की पहली बैठक आयोजित की जाएगी, विभिन्न एजेंडों पर होगी चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

नगर पंचायत भखारा-भठेली में पीआईसी का गठन हुआ। अब उनके साथ तीन तीन सहयोगी पार्षदों को नामित किया जा रहा है। अध्यक्ष ज्योति हरख जैन की अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय में पीआईसी सभापति के सलाहकार सहयोगी पार्षदगण होंगे। इससे नगर पंचायत के विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।

अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने बताया कि शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग में अंजु साहू, डुमेंद्र गंगबेल, चांदनी साहू, पुनर्वास, नियोजन, विधि,सामान्य प्रशासन विभाग में विष्णु साहू, हितेंद्र साहू, गौतमी पटेल, राजस्व तथा बाजार विभाग में झम्मन साहू, चांदनी साहू, ख़ेमलता साहू, खाद्य नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य, चिकित्सा विभाग में खेमलता साहू, छबिलाल निर्मलकर, परदेशी



कंवर, आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण विभाग एवं जलकार्य विभाग में भूपेंद्र यादव, गौतमी पटेल, डुमेंद्र गंगबेल को दायित्व दिया गया है।

अध्यक्ष ने कहा कि इससे कार्यों में पारदर्शिता और कार्यक्षमता सुनिश्चित होगी। शीघ्र ही परिषद की पहली बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें नगर भखारा भठेली में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। विकास के लिए विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। आगामी परिषद की पहली बैठक के लिए बजट तैयार करने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही, नगर के 15 वार्डों में विकास कार्यों के लिए पार्षदों से अनुशंसा पत्र मंगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। नियुक्ति पत्र की सूचना नगर पंचायत भखारा , नगरीय निकाय एवं विकास विभाग को भेजी गई है। यह कदम नगर पंचायत के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

---

## क्षेत्र के 85 सरपंचों ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन का किया भ्रमण

- अपने गांव के बेरोजगार युवाओं को ट्रेनिंग सेंटर भेजने की दी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद




जिला प्रशासन धमतरी के तत्वाधान में कुरुद एवं मगरलोड विकासखंड के 85 ग्राम पंचायत के सरपंचों ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रथम अरोरा शिक्षण केंद्र कुरुद का भ्रमण किया। सभी को अलग-अलग समूह में कुरुद में संचालित ट्रेनिंग सेंटर का भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षकों ने संस्था में संचालित हॉस्पिटैलिटी, वेल्डिंग, इलेक्ट्रिकल, प्लंबिंग, ड्रायवाल फाल्स सीलिंग कोर्सेस एवं एग्री पाइलेट मशीन की जानकारी दी। विजिट के दौरान सरपंचों ने प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों से बात की व जानकारी ली। प्रेजेंटेशन के माध्यम से बारी-बारी से सभी कोर्स की विस्तृत जानकारी दी गई व विद्यार्थियों को दी जा रही सभी मूलभूत सुविधाओं से अवगत कराया गया। सभी सरपंचों ने अपने-अपने ग्राम पंचायत में बेरोजगार व जरूरतमंद युवक युवतियों को प्रशिक्षण हेतु ट्रेनिंग सेंटर भेजने के सहमति दी।

---

## बकली, रावनगुड़ा में हो रही नालियों की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत बकली एवं आश्रित ग्राम रावनगुड़ा में ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर गांव की नालियों की साफ-सफाई कराई जा रही है। सरपंच दीपक साहू ने बताया कि लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं होने से लगभग 2 फीट मलबा जाम होकर ब्लाक हो चुका है। इसीलिए नालियों की सफाई करना आवश्यक हो गया था। 20 मार्च को वार्ड नंबर 1 की नाली की सफाई की गई जिसमें भारी मात्रा में मलबा निकाला गया। अभी लगातार बकली और रावनगुड़ा के सभी वार्ड की नालियों की सफाई की जाएगी।

इस सफाई अभियान में हरिराम साहू, लुकेश्वर साहू, धनेंद्र साहू, भोज साहू, वीणा साहू, डिगेश्वरी साहू, उखम साहू, हेमलता साहू, कौशिल्या साहू, कुमारी बाई, उमाकांत, कांति, योगेंद्र, नीलिमा, कामदेव नागरची, टेमन, कुंजबिहारी, अंकित, मणिराम, हरखचंद, गांधी राम, विक्की, सोमप्रकाश, थानेश्वर, यूनेस्को, उत्तम, किशोर, लोमश, मोहन, पिलेश जुटे हुए हैं।

---

## राज्य के बाहर के कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- 26 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए

राज्य से बाहर के शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और आईटीआई में पढ़ने वाले जिले के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों को भी राज्य शासन द्वारा छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके लिए विद्यार्थी 26 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई वेबसाईट पोस्टमैट्रिक-स्कालरशिप डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर की जा रही है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने राज्य के बाहर पढ़ने वाले धमतरी जिले के विद्यार्थियों के पालकों से भी इस ओर ध्यान देने अपील की है। उन्होंने ऐसे सभी विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए जरूरी दस्तावेजों की जानकारी सहित पोर्टल की जानकारी अपने अध्ययनरत बच्चों को देने को भी कहा है, ताकि वे निर्धारित समय अवधि में छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकें।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन के लिए (नवीन, नवीनीकरण) 19 से 26 मार्च तक, ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 19 से 28 मार्च तक और सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 19 से 30 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। छात्रवृत्ति के लिए पात्रता के संबंध में बताया गया कि अजा एवं अजजा विद्यार्थियों के पालक की आय ढाई लाख रूपये प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आय सीमा 1 लाख रूपये प्रति वर्ष निर्धारित है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, छग का मूल निवास प्रमाण पत्र, विद्यार्थी के अध्ययनरत पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम और संस्था द्वारा जारी बोनाफाईड प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

---

### शीतलापारा वार्ड में खुलेगी नई राशन दुकान

**धमतरी।** शहर के शीतलापारा वार्ड में नई राशन दुकान खुलेगी। नई दुकान खुल जाने से वार्ड के लगभग 550 राशन कार्डधारक परिवारों को रियायती दरों पर खाद्य सामग्री लेने में आसानी होगी। राशन दुकान आबंटन के लिए खाद्य शाखा कलेक्टोरेट में 27 मार्च तक आवेदन लिए जाएंगे।

- आवंटन के लिए 27 तक आवेदन

---

पांच माह से वेतन नहीं मिलने से जीविकोपार्जन की हो रही समस्या

# आर्थिक संकट से जूझ रहे मनरेगा अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के मनरेगा अधिकारी-कर्मचारियों का हाल बेहाल है। हालत यह है कि पांच माह से वेतन नहीं मिलने से जीविकोपार्जन मुश्किल से हो रहा है। छग मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है।

महासंघ ने ज्ञापन में कहा है कि विगत पांच माह से वेतन नहीं मिलने के कारण कार्यक्षेत्र में आने-जाने, बच्चों की स्कूल फीस, पारिवारिक आपातकालीन चिकित्सा, राशन व दैनिक जरूरतों के सामान के लिए जूझना पड़ रहा है। जबकि मनरेगा कर्मियों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित बजट का कार्य 9 माह के भीतर पूर्ण कर लिया है। महासंघ की मांग है कि नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होते तक मनरेगा कर्मियों की सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान के लिए मानव संसाधन नीति लागू की जाए। पूर्व में की गई हड़ताल अवधि का वेतन, मानदेय शीघ्र प्रदान किया जाए। विगत 3 से 5 माह से लंबित वेतन का तत्काल भुगतान किया जाए। मनरेगा कर्मियों से केंद्र व राज्य सरकार के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना के अलावा अन्य कोई कार्य न लिया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान महासंघ के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सरसिहा, रामचंद्र खरे, धरमसिंह मौजूद थे।

### पांच करोड़ का वेतन अटका

मनरेगा कर्मियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में मनरेगा के तहत पीओ,एपीओ, प्रोग्रामर, सहायक ग्रेड3, असिस्टेंट एकांउटेंट, रोजगार सहायक आदि के 399 पद हैं। प्रतिमाह 35 लाख रूपए का वेतन भुगतान होता है। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों का करीब 2 करोड़ रूपए का वेतन अटकने से उनकी हालत पतली हो गई है। बताया जा रहा है कि आगामी दिनों में प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर आने वाले हैं जहां महासंघ अपनी समस्याओं को पीएम के पास रख सकता है।

---

### ज्योति पंजीयन प्रारंभ



**मगरलोड।** चैत्र नवरात्रि का पर्व 30 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। ग्राम करेली छोटी में मां दुर्गा एवं काली माता मंदिर स्थापित है। चैत्र नवरात्रि एवं क्वांर नवरात्रि दोनों पक्ष में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है। रामेश्वर भगत ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के लिए ज्योति पंजीयन प्रारंभ हो चुका है।

## खबर संक्षेप

### जोरातराई के चंडी मंदिर में जलेंगे ज्योत कलश



**अंवरी।** इस वर्ष भी ग्राम जोरातराई स्थित चंडी माता मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। चंडी मंदिर के पुजारी गुलाबराम निषाद ने बताया कि ज्योति कलश के लिए शुल्क 701 रूपये निर्धारित है।

### आदिवासी नगारची समाज की बैठक 23 को

**अंवरी।** आदिवासी नगारची समाज की प्रदेशस्तरीय बैठक 23 मार्च रविवार को आदिवासी सामुदायिक भवन में रखी गई है। बैठक में सामाजिक कार्यों पर चर्चा होगी। यह जानकारी ललित कुमार नगारची महासचिव छत्तीसगढ़ आदिवासी नगारची समाज ने दी है।

### भठेली में मानसगान प्रतियोगिता 27 से



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली में नगरवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 मार्च तक किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी में सचिव देवेंद्र सेन, दिनेश दीवान, अशोक साहू, एन सिंग समेत समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

### चंडी मंदिर में ज्योति कलश हेतु पंजीयन शुरू

**कुरुद।** इस वर्ष भी श्री चण्डी देवी मंदिर कुरुद में चैत्र नवरात्रि पर 30 मार्च से मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाएंगी। ज्योति प्रज्वलन के लिए श्रद्धालु श्री चण्डी मंदिर कार्यालय कुरूद, कार्यालय नगर पंचायत, कार्यालय कृषि उपज मण्डी, चंडी बर्तन दुकान सहकारी बैंक के पास, श्रीराम ऑटो पाइंट एवं कान्हा प्लाईवुड सहकारी बैंक के पास कुरुद में 751 रुपये शुल्क पटाकर रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक एक अप्रैल को

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्र और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक एक अप्रैल को रखी गई है। दोपहर 12.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में धमतरी शहर सहित जिले में सड़क सुरक्षा और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने को लेकर विभागवार चर्चा की जाएगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

तीन मार्ग के लिए 135 करोड़ का फंड मिलने की उम्मीद

# सिहावा चौक से अछोटा पुल तक सड़क चौड़ीकरण के लिए सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के तीन मार्ग रत्नाबांधा से मुजगहन तक, अम्बेडकर चौक से रूद्री गंगरेल तक एवं सिहावा चौक से अछोटा पुल कोलियारी तक फोरलेन सड़क बनाने इसे शासन ने बजट में शामिल कर लिया है। शासन की मंजूरी के बाद राजस्व विभाग, निगम पीडब्ल्यूडी व अन्य विभाग की संयुक्त टीम पिछले तीन दिनों से सड़कों का सर्वे कर निरीक्षण कर रही है। अधिकारी 12-12 मीटर की चौड़ाई लेकर चिन्हांकन कर रहे हैं। पहले दिन रत्नाबांधा रोड, दूसरे दिन रूद्री रोड तथा तीसरे दिन शुक्रवार को सिहावा रोड का सर्वे किया।

सर्वे करने वाली टीम ने बताया कि दोनों ओर 40-40 फीट तक डामरीकरण होगा।

उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद तीनों मार्गों की मार्किंग का काम पूरा हो गया। सभी क्षेत्र में पर्याप्त जगह है। भटगांव चौक से कर्मा चौक तक रोड संकरा है जहां मार्किंग की गई है। अन्य क्षेत्र में सड़क और भवनों के बाहर प्लस का निशान लाल रंग में बनाकर लोगों को बताया गया। संकीर्ण क्षेत्र में शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों को निर्णय लेना है।

बता दें कि महापौर रामू रोहरा के प्रयास से सड़कों के चौड़ीकरण को बजट में शामिल किया गया है। सर्वे के मुताबिक तीन मार्ग के लिए 135 करोड़ का खर्च सर्वे में बताया जा रहा है। यह जानकारी मंत्रालय तक दे दी गई है। इधर नापजोख के बाद मकानों और दुकानों में मार्किंग करने से लोगों में हड़कंप मच गया है। फोरलेन बनने पर मकान, दुकान के टूटने का डर सता रहा है। संकरे वाले मार्ग में 10 से 15 फीट दुकान, मकान भवन टूटेगा। 40 फीट के दायरे में आने वाले पेड़ पौधे भी काटे जाएंगे।

नापजोख के बाद महापौर रामू रोहरा ने शहरवासियों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। जीविकोपार्जन को छीनकर चौड़ीकरण नहीं किया जाएगा। बीच का रास्ता निकालकर निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।

## रूक्मणि को शिक्षा, खिलावन को आवास

- नगर पंचायत में पीआईसी का गठन कर सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



रूक्मणि सिन्हा | खिलावन साहू | सुरेश साहू | हिरवानी ठाकुर | तिजेश्वरी साहू

नगरीय निकाय चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात अध्यक्ष, पार्षदों के शपथ ग्रहण के बाद उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गई। नगर पंचायत को विकास की गति देने अध्यक्ष लीलेश साहू द्वारा 20 मार्च गुरुवार को पीआईसी का गठन किया गया। नगर पंचायत के 15 पार्षद एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में पीआईसी की गठन कर जिम्मेदारी दी गई। वार्ड क्र. 13 की रूक्मणि सिन्हा को शिक्षा तथा महिला बाल विकास कल्याण समिति, वार्ड क्र. 12 के पार्षद सुरेश साहू को राजस्व तथा बाजार समिति एवं पुनर्वास नियोजन समिति, वार्ड क्र. 9 के पार्षद खिलावन साहू को आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण एवं जल कार्य विभाग, वार्ड क्र. 15 के पार्षद हिरवानी ठाकुर को स्वास्थ्य चिकित्सा, खादय एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, वार्ड क्र. 10 की पार्षद तिजेश्वरी लोमसिंह साहू को विधि, सामान्य प्रशासन तथा सामान्य प्रयोजन समिति की जिम्मेदारी दी गई है।

## 27 मार्च से बहेगी रामरस की धारा

- भैंसबोड़, कोलियारी एवं भठेली में तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



ग्राम भैंसबोड़, कोलियारी एवं भठेली में इस वर्ष भी 27 से 29 मार्च तक त्रिदिवसीय भव्य संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस 27 मार्च को हरिओम महिला मानस मंडली बोरेन्दा (पाटन), प्रतिमा बस्तरहीन महिला मानस मंडली हाराडुला (चारामा), पचमुखी मानस परिवार मुल्ले, पुष्पांजलि महिला मानस परिवार दर्रीपार, नव सुधा महिला मानस परिवार तमोरा, नव कला पुंज मानस परिवार भिलाई (अर्जुंदा), जय श्रीराम महिला मानस मंडली भेण्डरा, जयकारी पाट मानस मंडली सिवनीकला (अभनपुर), नव सुरूज मानस परिवार खुरियाडीह, द्वितीय दिवस 28 मार्च को निकेतन मानस मंडली नेवारीखुर्द, जय मां सरस्वती सम्पूर्ण महिला मानस मंडली भरदा (खुर्द), पीपर के छंईहा मानस परिवार परसोदा (कांकेर), ममता बालिका मानस परिवार नवागढ़ (बेमेतरा), हरिओम मानस परिवार दर्रा (बालोद), तुलसी के पूजा बालिका मानस परिवार धमतरी, श्रीराम मानस परिवार बेलर (सिहावा), नित नव सुरूज मानस परिवार धामनतोरी (बागबाहरा), सत्यम शिवम सुन्दरम मानस परिवार साजा वंदना महिला मानस परिवार पाररास (बालोद), जय मां शीतला मानस परिवार भिलौरी, भोरमदेव मानस परिवार कवर्धा एवं तृतीय दिवस 29 मार्च को चेतना बालिका मानस परिवार थुहा, श्री शील सिंधु राघव मानस मंडली परसाही, आराधना बालिका मानस मंडली कुंदरूपारा बालोद, श्रीराम आदर्श प्रचार समिति कबीरमठ नादिया, श्रीराम मानस परिवार मोतिमपुर, आदर्श रामभक्त मानस परिवार रक्से कवर्धा, जय मां शारदा बालिका मानस मंडली तामासिवनी, आंजनेय मानस परिवार बागबाहरा, हरि ओम मानस परिवार कांदुल (गुंडरदेही), श्री आनंद सागर मानस परिवार कोनारी, जय मां कर्मा महिला मानस परिवार फरसियां (नगरी), श्री सीताराम मानस परिवार तेलावट (कांकेर) की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी दुलरवा साहू, रवि साहू, गुलशन साहू एवं देवेंद्र सेन ने दी है।

## सांकरा में होली मिलन आज



**नगरी।** ग्राम सांकरा में फारेस्ट आफिस के सामने जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा के फार्म हाउस निज निवास में 22 मार्च शनिवार को होली मिलन समारोह रखा गया है। श्री सार्वा ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील की है।

### खेती-किसानी में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का होगा उपयोग

**धमतरी।** जिले में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग कर खेती-किसानी में होने वाले जोखिम को कम करके किसानों की आय बढ़ाने की परियोजना जल्द शुरू होगी। एग्री पायलट एआई प्रोजेक्ट के लिए जिला प्रशासन ने महाराष्ट्र की संस्था से एक वर्ष का अनुबंध किया है। परियोजना के संचालन के लिए गठित संचालन समिति की बैठक कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर ने बैठक में इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए जरूरी आंकड़े इकट्ठे करने का काम अगले 10 दिनों में पूरा करने के निर्देश दिए।

## साहू समाज ने किया अध्यक्ष व पार्षद का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

नगर पंचायत आमदी साहू समाज रावनापारा इकाई क्रमांक 3 द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति साहू एवं पार्षद जहजीत साहू, किरण साहू को प्रतीक चिन्ह व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। होली मिलन का भी आयोजन हुआ।

मौके पर साहू समाज अध्यक्ष दिनेश साहू, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, कोषाध्यक्ष प्रमोद साहू, सचिव डोमेश्वर साहू, भूषण साहू, आशाराम साहू, गोपाल साहू, तरुण साहू, नागेंद्र साहू मौजूद रहे।

## दुर्घटना में प्रधानपाठक की मौत, न्यायालय ने दिया 1 करोड़ मुआवजा का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सड़क दुर्घटना में प्रधान अध्यापक की मौत के मामले में न्यायालय ने मृतक के परिवार को 1 करोड़ 1 लाख 89 हजार 67 रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। इस राशि से 10-10 लाख माता-पिता और 20-20 लाख पुत्रियों को देने का आदेश पारित किया गया है।

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार घटना 7 जून 2023 की है। केशकाल के बलियागांव के माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान अध्यापक श्रवण कुमार ठाकुर मोटरसाइकिल से धमतरी आ रहे थे। इसी दौरान चिटौद के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएम 7536 ने श्रवण कुमार की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में श्रवण की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी अनुसुइया ठाकुर, उसकी दो नाबालिग बेटी और माता पिता ने अधिवक्ता दानीराम साहू के माध्यम से मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में क्षतिपूर्ति के लिए दावा पेश किया था।

इस मामले में न्यायालय के पीठासीन अधिकारी रामकुमार तिवारी ने मृतक के परिवार को 1 करोड़ 1 लाख 89 हजार 67 रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश पारित किया है। इसके साथ ही दावा प्रस्तुत करने से भुगतान तक 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज तथा 3 हजार वाद व्यय देने का आदेश भी दिया है।

## विष्णुदेव के सुशासन में महिलाएं हुईं आत्मनिर्भर



- मुड़पार में महिला जागृति शिविर के साथ गोदभराई एवं अन्नप्राशन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम मुड़पार में महिला बाल विकास द्वारा महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान गोदभराई एवं अन्नप्राशन कराया गया। महिलाओं को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उनके अधिकारों और कुप्रथाओं के खिलाफ जागरूक करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे महिलाए सशक्त और आत्मनिर्भर होंगी और अपने अधिकारों के खिलाफ आवाज उठा सकेंगी। इससे समाज में बदलाव आयेगा। आगे कहा कि आज विष्णुदेव के सुशासन में प्रत्येक महिला को 1000 रुपए की राशि मिल रही है। इससे वे आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रही है। सभी गांवों में स्व सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक सहायता मिल रही है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। जनपद सदस्य कैलाश देवांगन ने कहा कि नरेंद्र मोदी और विष्णुदेव सरकरा की योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। मौके पर सरपंच श्रीमती यशोदा मकसुदन यादव, वार्ड पंच श्रीमती सरोज यादव, पार्वती यादव, सरोजनी यादव, मिलापा यादव, मितानिन रेवती यादव, अनूपा यादव, केंवरा यादव, कांति यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रेखा यादव, बबीता यादव, समेत भाजपा कार्यकर्ता निर्भय यादव, अछोटा सरपंच संतोषी गैंदलाल ढीमर उपस्थित थे।

## जगह तलाशने डेयरी संचालकों के साथ अधिकारियों की टीम सोरम रोड पहुंची

- गोकुलनगर की योजना 2 से 3 माह में पूरी होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सोरम-भटगांव में गोकुलनगर बसाने की योजना फ्लाप होने के बाद डेयरी संचालक, निगम, फारेस्ट, राजस्व विभाग के अधिकारी कोटवार और पटवारी को लेकर जमीन तलाशने सोरम रोड पहुंचे। निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि डेयरी संचालक की ओर से लोकेश गजेन्द्र, राजा जाचक व अन्य प्रतिनिधि भी साथ में थे। जमीन के लिए शुक्रवार को सोरम रोड पहुंचे। पटवारी और कोटवार की मदद से सर्वे किया एवं नापजोख कराई गई। अधिकारियों की टीम ने दूर तक स्थल निरीक्षण किया। सर्वे के बाद रोड की जमीन को कुछ स्थानों पर चिन्हांकित किया गया है। अब डेयरी संचालकों की सहमति से उक्त स्थल में गोकुलनगर बसाया जा सकता है। उपायुक्त पीसी सार्वा के अनुसार स्थल चयन का काम प्रोसेस में है। सीमांकन, सर्वे, नापजोख के बाद डेयरी संचालकों की सहमति से जगह फाइनल किया जाएगा।

विदित हो कि प्रस्तावित जगह में गोकुलनगर बनाकर शहर की सभी 126 डेयरी को शिफ्ट किया जाएगा जिसके लिए तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक यह योजना 2 से 3 माह के अंदर पूरी हो जाएगी। बता दें कि डेयरी संचालकों ने गुरूवार की बैठक में सोरम-भटगांव की पथरीली जमीन पर जाने से इंकार कर दिया। उक्त जमीन मवेशियों के अनुकूल नहीं होने की बात कहकर नई जगह तलाश करने की गुजारिश की थी। जिस पर निगम प्रशासन ने महापौर और आयुक्त के मार्गदर्शन में सोरम रोड में जगह तलाश रहे हैं।

## मृत मवेशियों का कब्रिस्तान बना शहर का ट्रेंचिंग ग्राउंड



- मृत जानवरों की दुर्गंध दूर तक फैल रही, बदबू से वार्डवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के ट्रेंचिंग ग्राउंड में हजारों टन कचरा डंप है। कुछ लोग मृत मवेशियों को चुपके से ट्रेचिंग ग्राउंड में फेंक रहे हैं जिसे खाने के लिए कुत्ते, लोमड़ी, चील, कौवे आने लगे है। मांस के सड़ने से दुर्गन्ध फैल रही है जिससे वार्डवासी परेशान हैं। चारों ओर कचरे का ढेर लगा है इसलिए कोई जाने की हिम्मत नहीं करता है। कुछ वार्डवासी कचरे के ढेर में मृत मवेशी को दफना देते हैं। इससे असहनीय बदबू आती है। इस दुर्गन्ध से आसपास के लोग रोज परेशान रहते हैं। वार्डवासी बताते हैं कि रात के अंधेरे में एक से दो मवेशी रोज फेंक देते हैं। हर महीने 30 से 40 मृत मवेशी कचरे के ढेर में दबाए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर से 20 टन गीला सूखा कचरा प्रतिदिन वाहनों के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड लाया जाता है। निष्पादन नहीं होने से ट्रेंचिंग ग्राउंड पूरी तरह भर गया है। सालों से उठाव नहीं होने की वजह से कचरे का पहाड़ बन गया है। इसी का फायदा लोग उठा रहे है और मृत मवेशियों को ट्रेंचिंग ग्रांउड में फेंक रहे हैं।

### आज छग झरिया गाड़ा समाज का वार्षिक अधिवेशन

**धमतरी।** छग झरिया गाड़ा (गंधर्व) समाज क्षेत्र मोहलई (कुकरेल) का वार्षिक अधिवेशन आज ग्राम सियादेही के सामाजिक भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय ध्रुव जिपं सदस्य, विशिष्ट अतिथि चन्द्रकला भीषम साहू जपं सदस्य नगरी, सरपंच दुर्गेश चन्द्रवंशी सियादेही होंगे। अध्यक्षता राजकुमार चालकी अध्यक्ष गंधर्व समाज मोहलई कुकरेल करेंगे। अतिथि शनिवार शाम 5 बजे दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। उसके बाद सामाजिक गतिविधि पर चर्चा, परिचर्चा एवं सामाजिक सचिव दिनेश कुमार नगारची द्वारा आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी। सचिव दिनेश कुमार और कोषाध्यक्ष सुदर्शन टांडेश ने सामाजिकजनों से उपस्थिति की अपील की है।

शहर में क्राइम कंट्रोल करने पुलिस ने छेड़ी मुहिम

## पुलिस की आधा दर्जन टीम शहर के गली-कूचों की कर रही पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस की आधा दर्जन टीम शहर के गली-कूचों की पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है।

शहर में बढ़ते क्राइम को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाने व विजुअल पुलिसिंग के लिए सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। एएसपी मणिशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में यातायात डीएसपी, सिटी कोतवाली प्रभारी, चीता स्क्वायड व क्यूआरटी टीम ने गुरूवार की शाम सभी संवेदनशील क्षेत्र सहित सदर बाजार से मकई चौक तक पेट्रोलिंग की। पुलिस की अलग-अलग टीम ने शहर के गली-मोहल्ले एवं सुनसान इलाके तक बाइक से पेट्रोलिंग की। पेट्रोलिंग के लिए चीता स्क्वायड, क्यूआरटी टीम सहित 6 टीम बनाई गई है। इस दौरान पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग टीम के साथ मकई चौक, गोल बाजार, कचहरी चौक, सदर बाजार होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर तक पेट्रोलिंग की। पुलिस की क्राइम कंट्रोल मुहिम लगातार जारी रहेगी। इस दौरान पुलिस अनावश्यक रूप से घूमने वालों व असामाजिक तत्वों से पूछताछ करेगी। पुलिस को भीड़भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थल, सुनसान इलाकों में जमावड़ा कर नशापान करने वालों, गुटबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध वाहनों सहित धारदार हथियार रखकर घूमने वालों की चेकिंग कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बाइक पेट्रोलिंग के दौरान एएसपी मणिशंकर चन्द्रा, यातायात डीएसपी सुश्री मोनिका मरावी, कोतवाली प्रभारी राजेश मरई एवं पुलिस चीता स्क्वायड, क्यूआरटी टीम सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020